# भारतीय जनता पार्टी

**(केंद्रीय कार्यालय)**
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

03 नवंबर 2023, शुक्रवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा रायपुर में छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र को लॉन्च करते हुए दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

भाजपा के लिए यह मात्र चुनावी घोषणा पत्र नहीं, बल्कि यह एक संकल्प पत्र है और भारतीय जनता पार्टी इन संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**********************

भूपेश बघेल से ज्यादा झूठा प्रचार किसी अन्य नेता ने नहीं किया। गलत सीडी बनाना, पेनड्राइव, अखबारों में गलत समाचार प्रकाशित करवाना, इन सब में भूपेश बघेल सिद्धहस्त है।

**********************

महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को **₹12000** सालाना और भूमिहीन और खेतिहीन मजदूरों को सालाना **₹10, 000** की आर्थिक सहायता दी जायेगी। **21** क्विंटल/एकड़ धान **₹3100** प्रति क्विंटल के दर पर खरीदी जाएगी। **18** लाख पीएम आवास बनाएं जाएंगे। गरीब परिवारों को **₹500** में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा।

**********************

तेंदुपत्ता संग्रहण **₹5500** प्रति मानक बोरा किया जाएगा। **1** लाख रिक्त शासकीय पदों पर समयबद्ध पारदर्शी भर्ती की जायेगी। आयुष्मान योजना के तहत **₹10** लाख तक मुफ़्त उपचार एवं **500** नए जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। **50** प्रतिशत सब्सिडी के साथ युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। एनसीआर की तर्ज पर राज्य राजधानी क्षेत्र का निर्माण होगा।

**********************

भाजपा के शासन में छत्तीसगढ़ देश का पहला पोषण की गारंटी देने वाला राज्य बना था। मनरेगा में **150** दिन का रोजगार दिया, देश में मातृत्व अवकाश की अवधारणा, पंचायत चुनाव में महिलाओं को **50%** आरक्षण, छात्रों को मुफ्त लैपटॉप-टैबलेट और छत्तीसगढ़ को बिजली के आकाल से मुक्त कर उसे पावर सरप्लस स्टेट बनाया था।

**********************

जिस राज्य में युवा निर्वस्त्र होकर रैली निकालने पे उतारू हो जाएं वहां की सरकार को शर्म आनी चाहिए। इसके बाद भी भूपेश बघेल का यह कहना की छत्तीसगढ़ में प्रगति हुई है, ऐसे बयान निंदनीय है।

**********************

छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार इतनी नीची है की इन्होंने गरीब आदिवासी बहनों को न केवल चरण पादुका देने के कार्यक्रम को बंद किया, बल्कि तेंदुपत्ता संग्राहकों को बोनस देना बंद किया और ओबीसी कल्याण से संबंधित सभी योजनाएं भी बंद कर दी। भूपेश बघेल सरकार ने जातिवाद को चरम सीमा तक पहुंचाया है।

भूपेश बघेल सरकार ने गोठान में भी **₹1300** करोड़ का घोटाला किया। राजनीति में बहुत घोटालों सुने है, लेकिन गाय के गोबर में कोई **₹1300** करोड़ खा जाये ऐसा पहली बार देखा।

**********************

बीडीएस **(BDS)** में **₹600** करोड़ का घोटाला, महादेव एप में **₹5000** करोड़ का घोटाला और **266** अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातीय सीटों पर फर्जी तरीके से नियुक्ति भी भूपेश बघेल की छत्रछाया मे हुई।

**********************

जिस बर्बरता से भुनेश्वर साहू को रौंद-रौंद कर मारा गया, इसके बावजूद कांग्रेस की वोट बैंक की राजनीति के चलते हत्यारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। ये भूपेश बघेल सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति को दिखता है।

**********************

कांग्रेस राज में हजारों करोड़ों का घोटाला हुआ हैं, घोटाले किसने किए उसका महत्व नहीं है पर जनता का पैसा, पाई-पाई वापस राजकीय खज़ाने में आना चाहिए।

**********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, रायपुर में छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव के संबंध में भाजपा के संकल्प पत्र को लॉन्च किया और छत्तीसगढ़ के विकास के प्रति भारतीय जनता पार्टी के विजन को पत्रकारों और छत्तीसगढ़ की जनता के समक्ष रखा। श्री शाह ने छत्तीसगढ़ भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र को जारी करते हुए कहा कि पार्टी ने प्रदेश की जनता से लाखों की संख्या में सुझाव प्राप्त किए हैं और इन सुझावों को ध्यान में रखते हुए यह घोषणा पत्र तैयार किया गया है। भाजपा के लिए चुनावी घोषणा पत्र मात्र एक घोषणा पत्र नहीं है, बल्कि यह एक संकल्प पत्र है, और भाजपा इन घोषणाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। ज्ञात हो कि एक ऐसे संकल्प की परिपूर्ति करते हुए हमने बिना किसी विवाद के छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की थी, जिसका मुख्य उद्देश्य था कि विकास से वंचित रह गए क्षेत्र को एक नया राज्य बनाकर विकास की मुख्य धारा में शामिल करना था। छत्तीसगढ़ की स्थापना के कुछ ही समय बाद, भाजपा ने सत्ता में आकर श्री रमन सिंह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को बीमारू राज्य से बाहर निकाल कर विकास के पथ पर अग्रसर किया।

श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले **5** साल कांग्रेस की सरकार रही है लेकिन अब जनता परिवर्तन करने जा रही है। भाजपा ने छत्तीसगढ़ को एक बीमारू राज्य से एक बेहतर राज्य बनाने का काम किया है। मैं राज्य की जनता को आश्वस्त करताहूँ कि भाजपा आने वाले 5 सालों में राज्य को एक संपूर्ण विकसित राज्य बनाने का काम करेगी। भाजपा के **15** साल के कार्यकाल में, पहले **10** साल में आने वाली बाधाओं के बावजूद, छत्तीसगढ़ में दिन दोगुनी रात चौगुनी विकास हुआ। भाजपा ने छत्तीसगढ़ के कई दुर्गम क्षेत्रों को नक्सलवाद से मुक्त कराया। उन्होंने राज्य के बुनियादी ढांचे में भी सुधार किया। छत्तीसगढ़ भाजपा के शासन में देश का पहला राज्य बना जिसने पोषण की गारंटी दी साथ ही मनरेगा में 150 दिन का रोजगार, देश में मातृत्व अवकाश, पंचायत चुनाव में महिलाओं को 50% आरक्षण, छात्रों को मुफ्त लैपटॉप-टैबलेट और छत्तीसगढ़ को बिजली के आकाल से मुक्त कर पावर सरप्लस स्टेट बनाने का काम भी भारतीय जनता पार्टी ने किया। पावर हब, सीमेंट विनिर्माण केंद्र, एल्युमिनियम विनिर्माण केंद्र, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की शुरुआत भी भाजपा शासन में हुई। श्री रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बस्तर और सरगुजा में दो नए विश्वविद्यालय बनाए और दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्र में शिक्षा के नए मानांक स्थापित हुए। उसी कालखंड में 2 मेडिकल कॉलेज को बढ़ाकर 15 किया गया, मेडिकल सीटों को 100 से बढ़ाकर 1100 किया गया, इंजीनियरिंग कॉलेज की संख्या को 14 से बढ़ाकर 50 किया गया, पॉलीटेक्निक कॉलेज की संख्या 10 से 51 हुई, आईटीआई की संख्या 61 से 176 हो गई, डेंटल कॉलेज 1 से बढ़ 5 हो गए, नर्सिंग कॉलेज 1 से बढ़कर 84 हो गए, मैनेजमेंट के कॉलेज 2 से 16 हो गए और पशु चिकित्सा और कृषि कॉलेज 4 से बढ़ा कर 31 कर दिया गया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने भूपेश बघेल पर तंज कसते हुए कहा कि भूपेश जी से ज्यादा झूठा प्रचार किसी अन्य नेता ने नहीं किया। झूठ का प्रचार करने में उनका कोई सानी नहीं है। गलत सीडी बनाना, पेनड्राइव, अखबारों में गलत समाचार प्रकाशित करवाना, इन सब में भूपेश बघेल सिद्धहस्त है। झूठ का वातावरण बनाकर बस पाँच साल तक सरकार में रहे। श्री अमित शाह जी ने छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर घोटालों का आरोप मढ़ते हुए कहा कि भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में शराब की दुकाने खुलवाकर **₹2000** करोड़ रुपयों का घोटाला किया, कोयले के परिवहन में **₹540** करोड़ का घोटाला किया, गरीबों के अनाज में **₹5000** करोड़ का घोटाला हुआ और गोठान में **₹1300** करोड़ का घोटाला किया। मैंने बहुत घोटालों के बारे में सुना है, लेकिन गाय के गोबर में कोई **(**भूपेश बघेल**) ₹1300** करोड़ खा जाये ऐसा आदमी मैंने पहले कही नहीं देखा।

श्री शाह ने कहा कि बीडीएस **(BDS)** में **₹600** करोड़ का घोटाला, महादेव एप में **₹5000** करोड़ का घोटाला और **266** अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातीय सीटों पर फर्जी तरीके से नियुक्ति भी भूपेश बघेल की छत्रछाया मे हुई। जिस राज्य में युवा निर्वस्त्र होकर रैली निकालने पे उतारू हो जाएं वहां की सरकार को शर्म आनी चाहिए। इतना सब हो जाने के बाद भी भूपेश बघेल का यह कहना की छत्तीसगढ़ में प्रगति हुई है, ऐसे बयान निंदनीय है। राज्य में भूपेश बघेल के प्रयासों से केवल भ्रष्टाचार की प्रगति हुई है।

पिछले 5 वर्षों में राज्य की कानून व्यवस्था का असली चेहरा सामने आ गया। भूपेश सरकार वादा खिलाफी की और विकास को सर्वदृष्टि से अवरुद्ध करने वाली सरकार है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार इतनी नीची है की इन्होंने गरीब आदिवासी बहनों को न केवल चरण पादुका देने के कार्यक्रम को बंद किया, बल्कि तेंदुपत्ता संग्राहकों को बोनस देना बंद किया और ओबीसी कल्याण से संबंधित सभी योजनाएं भी बंद कर दी। भूपेश बघेल सरकार ने जातिवाद को चरम सीमा तक पहुंचाया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण का आरोप लगते हुए कहा कि जिस बर्बरता से भुनेश्वर साहू को रौंद-रौंद कर मारा गया, इसके बावजूद कांग्रेस की वोट बैंक की राजनीति के चलते हत्यारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। ये भूपेश बघेल सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति को दिखता है। उन्होंने आगे कहा कि हर दृष्टि से छत्तीसगढ़ को देश की नजर में गिरने का काम भूपेश सरकार ने किया है। मोदी जी ने अपने 9 साल के कार्यकाल में नक्सल प्रभावी क्षेत्रों के लिए मार्गों का विकास, एकलव्य विद्यालय, अस्पताल, शौचालय आदि बनवाएं। माताओं को गैस सिलिन्डर देने के साथ-साथ 5 किलो चावल भी नि:शुल्क दिया गया। प्रत्येक घर में एक सदस्य को हर माह 5 किलो चावल की व्यवस्था भाजपा ने मोदी जी के नेतृत्व में की है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार न होते हुए भी मोदी जी ने इस राज्य के कल्याण के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी छत्तीसगढ़ में और विकास करना चाहते है लेकिन उसमें भूपेश बघेल सबसे बड़ा अड़ंगा है। भूपेश जी को डर है कि अगर भाजपा राज्य में भी आ गई तो इसकी लोकप्रियता और बढ़ जाएगी और भूपेश जी की कुर्सी चली जाएगी। श्री अमित शाह ने कहा कि भूपेश जी ने कांग्रेस के एटीएम बनने के अलावा कोई विकास का काम नहीं किया।

श्री शाह ने छत्तीसगढ़ की जनता को संबोधित करते हुए कि कहा कि वह 3 महीने में 10 बार छत्तीसगढ़ आ चुके हैं, और यहां के लोगों की उत्सुकता और भाजपा पर विश्वास को देखकर वह आश्वस्त है कि इस बार भूपेश सरकार को आईना दिखा दिया जाएगा और लोग यहां कमल खिलाएंगे। श्री अमित शाह ने कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार पर निशान साधते हुए बताया कि मनमोहन सिंह केंद्र में **10** वर्ष रहे**,** जबकि मोदी जी **9** वर्ष। इस दौरान**,** रिवोल्यूशन और ग्रांटिंग फंड के नाम पर सोनिया**-** मनमोहन सरकार ने **₹77** हजार करोड़ आवंटित किये थे**,** जबकि मोदी जी ने इस राशि को बढ़ाकर **₹3** लाख करोड़ कर दिया है। **₹9000** करोड़ से अधिक सड़क योजनाओं पर निवेश किया गया है। मोदी जी द्वारा रायपुर एयरपोर्ट के उन्नयन के लिए **₹162** करोड़ के निवेश हुए**, 42** एकलव्य विद्यालय के निर्माण का काम भी हुआ है। 500 मेगावाट की क्षमता वाला सौर ऊर्जा प्लांट के निर्माण का काम किया गया है। भाजपा सरकार ने जगदलपुर में ट्राइब इंडिया शोरूम का निर्माण किया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने छत्तीसगढ़ भाजपा के घोषणा पत्र में 'कृषि उन्नति योजना' का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा कि राज्य में सरकार आने पर **21** क्विंटल प्रति एकड़ धान को **₹ 3,100** प्रति क्विंटल की दर से खरीदेगी। इसके साथ - साथ एकमुस्त भुगतान करके किसान को इसकी राह नही देखने देंगे। श्री अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता को केंद्र सरकार द्वारा **₹ 2200** प्रति परिवार प्रति वर्ष की दर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। हालांकि, छत्तीसगढ़ सरकार ने इस सहायता को बढ़ाकर **₹ 2700** प्रति परिवार हर वर्ष कर दिया है**,** लेकिन इस सहायता को केवल **₹ 500** बढ़ाकर छत्तीसगढ़ सरकार अपनी उपलब्धि के रूप में पेश कर रही है**,** बाकी **2200** रुपये केंद्र सरकार द्वारा ही दिए जाते हैं।

श्री शाह ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को मुआवजा देने का वादा किया था**,** लेकिन उन्होंने अपना वादा पूरा नहीं किया। लेकिन भाजपा की सरकार ने यह तय किया है कि हर विवाहित महिला को **₹12** हजार सालाना दिए जाएंगे। भूपेश बघेल सरकार पांच साल तक सरकारी पदों पर भ्रष्टाचार नहीं कर पाई, इस कारण राज्य में कई पद खाली पड़े हैं। हमारी सरकार इन पदों को दो साल के भीतर समयबद्ध तरीके से भर्ती करेगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत **18** लाख नए घर बनाए जाएंगे। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ के हर घर में निर्मल जल नल-जल योजना के तहत पहुंचाया जाएगा। छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता संग्रहण से जुड़े आदिवासी भाई-बहनों के साथ बहुत अन्याय हुआ है। भाजपा सरकार प्रदेश में तेंदूपत्ता संग्रहण की दर को बढ़ाकर **₹ 5500** प्रति मानक बोरा करेगी। भाजपा सरकार तेंदूपत्ता संग्रहण प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित और तेज करेगी। इसके लिए, सरकार चरण पादुका योजना को पुनः लागू करेगी और अतिरिक्त संग्रहण करने वालों को ₹ 4500 का बोनस देगी। दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत, केंद्र सरकार भूमिहीन और खेतिहीन-खेतीहर मजदूरों को सालाना ₹ 10,000 की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। मोदी जी द्वारा लाई गई आयुष्मान भारत योजना के तहत ₹ 5 लाख की मदद तो देंगे ही, साथ ही जरूरत पड़ने पर ₹ 10 लाख तक की मदद मुख्यमंत्री राहत कोष से की जाएगी। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र 30% से 90% सस्ती जीवन

रक्षक दवाईयां आम जनता को मुहैया करती है। भाजपा छत्तीसगढ़ में **500** नए जन औषधि केंद्र खोलने के लिए संकल्पित है। इस परियोजना से भाजपा गरीब लोगों को सस्ती दवाईयां उपलब्ध करा सकेगी। भाजपा यह सुनिश्चित करेगी लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में पारदर्शिता आए। सरकारी- भर्ती में जिन्होनें घपले किये है वे लोग दिन गिनना शुरू कर दें, क्योंकि भाजपा सरकार के आते ही घपलेबाज़ों के खिलाफ कठोर क्रिमिनल जांच करवाई जाएगी।

श्री शाह ने छत्तीसगढ़ के युवाओ को संबोधित कर कहा कि भाजपा सरकार के आते ही जो युवा नए उद्योग लगाएंगे, उनको **50%** सब्सिडी के साथ ब्याज मुक्त मॉडल के जरिए भुगतान की व्यवस्था दी जाएगी। राज्य राजधानी रीजन की तर्ज पर रायपुर, नया रायपुर दुर्ग और भिलाई नगर क्षेत्र को मिलाकर एक SCR बनाएंगे जिस से नगर आयोजन बेहतर होगी। हम सेंट्रल भारत को एक इनोवेशन हब बनाने के लिए रायपुर में एक बड़े इनोवेशन कैम्पस की स्थापना करेंगे, जिससे राज्य में **6** लाख से अधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। भाजपा 'रानी दुर्गावती योजना' लेकर आएगी, जिसके अंतर्गत बीपीएल वर्ग की बालिकाओं को वयस्क होने पर, ₹ 1लाख 50 हजार की सहायता दी जाएगी। भाजपा सरकार के आने के बाद माताओं- बहनों को ₹ 500 में गैस सिलिन्डर दिया जाएगा। इसके साथ कॉलेज के छात्रों के लिए 'प्रत्यक्ष लाभ अंतरण' (DBT) के माध्यम से हर महीने मासिक ट्रैवल भत्ता देंगे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने बघेल सरकार की नीतियों पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस राज में हजारों करोड़ों का घोटाला हुआ हैं, घोटाले किसने किए उसका महत्व नहीं है पर जनता का पैसा, पाई-पाई वापस राजकीय खज़ाने में आना चाहिए। भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा की ज़ीरो टॉलरेन्स नीति है। इसके अंतर्गत भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच आयोग बनेगी व क्रिमिनल जांच की शुरुआत होगी। छत्तीसगढ़ के प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में एम्स की तर्ज पर 'छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस' (CIMS) और आईआईटी कि तर्ज पर छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी (CIT) भाजपा सरकार उपलब्ध कराएगी जिससे हर छत्तीसगढ़ वासी को पढ़ाई एवं स्वास्थ्य की सुविधा प्राप्त होगी। इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ सम्मेलन के माध्यम से इनवेस्टमेंट भी आएगा और भ्रष्टाचार पर रोकथाम के लिए एकल खिड़की (single window) के माध्यम से छत्तीसगढ़ में इनवेस्टमेंट लाएंगे। हमारी भाजपा सरकार तुहर द्वार के माध्यम से लोक-केंद्रित प्रशासनिक दिशा में आगे बढ़ेगी। शक्तिपीठ परियोजना के तहत 1000 किमी लंबी परियोजना छत्तीसगढ़ की 5 शक्तिपीठों को उत्तराखंड की 4 धाम की यात्रा के तर्ज पर विकसित करके छत्तीसगढ़ को पर्यटन के क्षेत्र मे ऊंचाई पर ले जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि अयोध्या में बन रहे राम मंदिर का 22 जनवरी को मोदी जी प्राण-प्रतिष्ठा करने वाले है। भाजपा छत्तीसगढ़ के गरीब लोगों के लिए 'राम लला दर्शन योजना' भी लेकर आ रहे है जिससे राम लला के दर्शन संभव हो पाएंगे। छत्तीसगढ़ को माता कौशल्या का घर और श्री राम जी का ननिहाल बताते हुए श्री अमित शाह ने कहा कि जब भांजा अपने घर में वापस जा रहा है तो छत्तीसगढ़ वालों को भी बधाई लेने जाना चाहिए।

************************